

VISIONIAS
INSPIRING INNOVATION

# ABHYAAS MAINS

# निबंध
# ESSAY

*निर्धारित समय: **तीन घंटे***
*Time Allowed: **Three** Hours*

**टेस्ट कोड/ Test Code : 4514**

*अधिकतम अंक: **250***
*Maximum Marks: **250***

## सामान्य अनुदेश

इस प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका में 32+2 पृष्ठ हैं। प्रश्न-पत्र, क्यू.सी.ए. पुस्तिका के अंत में संलग्न है, जो अलग (वियोज्य) किया जा सकता है और उम्मीदवार परीक्षा के उपरांत अपने साथ ले जा सकते हैं।

रफ कार्य के लिए तीन खाली पृष्ठ (पृष्ठ संख्या. 30-32) दिए गए हैं।

पुस्तिका प्राप्त होने पर, कृपया यह जांच कर लें कि इस क्यू.सी.ए. पुस्तिका में कोई कमी न हो, फटा हुआ पृष्ठ न हो अथवा कोई पृष्ठ गायब न हो इत्यादि। यदि ऐसा हो, तो इसके बदले नई क्यू.सी.ए. पुस्तिका प्राप्त कर लें।

## General Instructions

This Question-cum-Answer (QCA) Booklet contains 32+2 pages. Question Paper in detachable form is available at the end of the QCA Booklet which can be taken away by the candidate after examination.

Three blank pages (Page Nos. 30–32) have been provided for rough work.

On receipt of the Booklet, please check that this QCA Booklet does not have any shortcomings, torn or missing pages etc. If so, get it replaced with a fresh QCA Booklet.

**(उम्मीदवार द्वारा भरा जाएगा/To be filled by the Candidate)**

पंजीकरण सं./Registration No. : 46121298

अभ्यर्थी का नाम/Name of Student : VIPIN DEV YADAV

माध्यम: हिंदी/अंग्रेजी
Medium: Hindi/English
हिंदी

तारीख
Date
2 August 2025


# निबंध
# ESSAY


केंद्र
Centre
Lucknow

निरीक्षक के हस्ताक्षर
Invigilator's Signature

| | महत्वपूर्ण अनुदेश | Important Instructions |
|---|---|---|
| | **उम्मीदवार को नीचे उल्लिखित निर्देश सावधानी से पढ़ लेने चाहिए। किसी भी निर्देश का उल्लंघन करने पर उम्मीदवार को मिलने वाले अंकों में कटौती, उम्मीदवारी रद्द, आयोग के परवर्ती परीक्षाओं के लिए वर्जित करने इत्यादि के रूप में दण्डित किया जा सकता है।** | **Candidate should read the undermentioned instructions carefully. Violation of any of the following instructions may entail penalty in the form of deduction of marks, cancellation of candidature, debarment from further Examination of the Commission etc.** |
| 1 | (क) अपना पंजीकरण सं. एवं अन्य विवरण केवल प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका (क्यू.सी.ए.) में उम्मीदवार के लिए निर्धारित स्थान पर ही लिखें।<br>(ख) इस पुस्तिका में अन्यत्र कहीं भी अपना नाम, पंजीकरण सं., मोबाइल नं., पता अथवा प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका (क्यू.सी.ए.) संख्या न लिखें जिससे आपकी पहचान का खुलासा हो। | (a) Write your Registration Number and other details only in the space provided in the Question-Cum-Answer (QCA) Booklet for candidates.<br>(b) Do not disclose your identity in any manner such as, by writing your Name, Registration number, Mobile number, Address, Question-Cum-Answer (QCA) Booklet No. etc. elsewhere in the Booklet |
| 2 | अपनी क्यू.सी.ए. पुस्तिका में कहीं भी प्रश्नों के वास्तविक उत्तर के अतिरिक्त कुछ न लिखें जैसे कि कोई कविता/दोहा, अभद्र या अपमानजनक अभिव्यक्ति इत्यादि और न ही कोई ऐसा चिन्ह/निशान बनाएं जिसका उत्तर से सम्बन्ध न हो। | Do not write in the QCA Booklet anything other than the actual answer such as couplet, obscene, abusive expression etc., nor put any sign/mark having no relevance to the answer. |
| 3 | परीक्षक को प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से कोई भी प्रार्थना/धमकी भरी बातें न लिखें। | Do not make any direct/indirect appeal/threat to the examiner. |
| 4 | उत्तर अस्पष्ट अथवा गंदी लिखावट में न लिखें। इस प्रकार के उत्तर का मूल्यांकन नहीं भी किया जा सकता है। | Do not write answers in bad/illegible handwriting. Such answers may not be evaluated. |
| 5 | उत्तर स्याही में ही लिखें। उत्तर लिखने के लिए पेंसिल का उपयोग न करें, हालांकि आरेख, चित्र इत्यादि बनाने के लिए पेंसिल का उपयोग किया जा सकता है। | Write answers in ink only. Do not use pencil for writing the answers. However, pencil may be used for drawing diagrams, sketches, etc. |
| 6 | प्रवेश पत्र में उल्लेख किए गए माध्यम के अलावा अन्य किसी माध्यम में उत्तर न लिखें। अधिकृत और अनधिकृत की मिली जुली भाषा का भी उपयोग न करें। | Do not write answers in medium other than the authorized medium in the Admission Certificate. Do not use mixed language either i.e. authorize and unauthorized media together for writing answers. |
| 7 | प्रश्नों के उत्तर ठीक उसके नीचे दिए गए निर्धारित स्थान पर ही लिखें। निर्धारित स्थान के अलावा किसी अन्य स्थान पर लिखे गए उत्तर का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा। | Write answer at the specific space (right below the question) only. Answers written elsewhere at unspecified places in the booklet shall not be evaluated. |
| 8 | यदि आप अपने किसी उत्तर को रद्द करना चाहते हैं तो उसे पेन से काट दें तथा उस पर "रद्द" लिख दें, अन्यथा उसका मूल्यांकन किया जा सकता है। | If you wish to cancel any work, draw your pen through it and write "Cancelled" across it, otherwise it may be valued. |



VISIONIAS
INSPIRING INNOVATION
ABHYAAS MAINS

# निबंध

निर्धारित समय: तीन घंटे | टेस्ट कोड : 4514 | अधिकतम अंक: 250

## प्रश्न-पत्र संबंधी विशेष अनुदेश

(प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें)

प्रवेश-पत्र में प्राधिकृत माध्यम में **निबंध** लिखना आवश्यक है तथा इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर करना आवश्यक है। प्राधिकृत माध्यम के अलावा अन्य माध्यम में लिखे गए उत्तरों पर अंक नहीं दिए जाएँगे।

प्रश्नों के उत्तर निर्दिष्ट शब्द-संख्या के अनुसार होने चाहिए।

प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए किसी पृष्ठ व पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए।

---

# ESSAY

Time Allowed : Three Hours | **Test Code : 4514** | Maximum Marks : 250

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

The ESSAY must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

World limit, as specified, should be adhered to.

Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

# EVALUATION INDICATORS

1. **Contextual Competence**
2. **Content Competence**
3. **Language Competence**
4. **Introduction Competence**
5. **Structure - Presentation Competence**
6. **Conclusion Competence**

**Overall Macro Comments / feedback / suggestions on Answer Booklet:**

**1.**

**2.**

**3.**

**4.**

**5.**

**6.**

**All the Best**

VISION IAS

खंड A और B प्रत्येक से **एक-एक** विषय चुनकर **दो** निबंध लिखिए, जो प्रत्येक लगभग 1000-1200 शब्दों में हो :

Write **two** essays, choosing **one** topic from each of the Sections A and B, in about 1000-1200 words each : 125 x 2 = 250

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

## खण्ड – A / SECTION – A

1. किसी युद्ध को जीतने के लिए आपको एक से अधिक बार लड़ना पड़ सकता है।

You may have to fight a battle more than once to win it.

2. विवेक के मामलों में बहुमत के कानून का कोई स्थान नहीं होता है।

In matters of conscience, the law of the majority has no place.

3. जो विद्यालय के द्वार खोलता है, वह कारागार के द्वार बंद करता है।

He who opens a school door, closes a prison.

4. केवल शीत ऋतु की कठोरता में ही हम वसंत की गर्मी का वास्तविक महत्व समझ पाते हैं।

Only in the depths of winter can we truly appreciate the warmth of spring.

## खण्ड – B / SECTION – B

5. हम सदैव अपने युवाओं के लिए भविष्य का निर्माण नहीं कर सकते, परंतु हम भविष्य के लिए अपने युवाओं को तैयार कर सकते हैं।

We cannot always build the future for our youth, but we can build our youth for the future.

6. नकल करना सुरक्षित होता है; नवाचार के लिए साहस की आवश्यकता होती है।

Copying is safe; innovation demands courage.

7. हम जितना अधिक स्वचालन को अपनाएंगे, हमें उतना ही अधिक मानवीय बनना होगा।

The more we automate, the more human we must become.

8. तत्काल मान्यता की चाह एक व्याकुल मानसिकता वाली पीढ़ी को जन्म दे रही है।

The pursuit of instant validation is creating a generation of restless minds.

## खण्ड – A / SECTION – A

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

1. किसी युद्ध को जीतने के लिए आपको एक से अधिक बार लड़ना पड़ सकता है। ✓
You may have to fight a battle more than once to win it.

2. विवेक के मामलों में बहुमत के कानून का कोई स्थान नहीं होता है।
In matters of conscience, the law of the majority has no place.

3. जो विद्यालय के द्वार खोलता है, वह कारागार के द्वार बंद करता है।
He who opens a school door, closes a prison.

4. केवल शीत ऋतु की कठोरता में ही हम वसंत की गर्मी का वास्तविक महत्व समझ पाते हैं।
Only in the depths of winter can we truly appreciate the warmth of spring.

किसी युद्ध को जीतने के लिए आपको एक से अधिक बार लड़ना पड़ सकता है।

———— × ———— × ————

एक छात्र जो सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहा था। उसने पूर्ण मनोवेग से प्रथम प्रयास दिया। परीक्षा को जंग की तरह समझा। दिन-रात अभ्यास किया परन्तु वह निष्फल हुआ लेकिन लगातार उसने हार नहीं मानी दूसरा, तीसरा प्रयास भी निष्फल हुआ। अन्तत: अंतिम प्रयास में सफल हुआ इससे उसने अन्य छात्रों को सीख दिया कि युद्ध को जीतने के लिए एक से अधिक बार लड़ना पड़ सकता है अर्थात यह जरूरी नहीं कि सिविल सेवा में प्रथम

www.visionias.in

प्रयास में ही सफलता प्राप्त हो जाय।

वहीं दूसरी ओर मैंने जब इतिहास का एक घटनाक्रम पढ़ा कि एक विदेशी आक्रमणकारी जो लगातार कई युद्ध हारा। परन्तु उसने हार नहीं मानी। अन्तत: उसने एक शक्तिशाली राजा को हरा दिया वह कोई और नहीं मुहम्मद गोरी थी।

ऐसे उदाहरण बहुत मिल जाएंगे जब आपको अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए एक से अनेक बार संघर्ष करना पड़ सकता है। एक व्यक्ति जिसने ठान लिया कि वह पहाड़ को काटकर रास्ता बना देगा। युद्ध की तरह लगा रहा कई बार मन में भाव आया कि बहुत कठिन है परन्तु उसने स्वयं से कहा कि जब तक तोड़ेंगे नहीं तब तक छोड़ेंगे नहीं। अन्तत: उसने उद्देश्यों को प्राप्त किया।

युद्ध कोई संकीर्ण विषयवस्तु नहीं है। यह वृहद परिप्रेक्ष्य की विषयवस्तु है। इसमें शत्रु भौतिक रूप से उपस्थित भी हो सकता है अथवा काल्पनिक रूप से।

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

VisionIAS

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

जिसमें शत्रु के रूप में कोई राजा, देश, समस्या यथा जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद या मन के नकारात्मक संवेग घृणा, क्रोध ईर्ष्या आदि हो सकते हैं।

इन शत्रुओं को पराजित करने का उद्देश्य मनोवांछित फल प्राप्त करना है। जिसमें साम्राज्य विस्तार, उपनिवेशों को स्थापना, लूटपाट या शांति, न्याय, समानता, नैतिकता आधारित समाज का निर्माण करना हो सकता है।

यदि हम पौराणिक कथाओं पर ध्यान दे तो मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने राक्षसों को समग्र रूप से नष्ट करने के लिए कई बार युद्ध लड़ा। श्रीकृष्ण ने दानवत्व की समाप्ति के लिए कंस, महाभारत आदि युद्धों को लड़ा। महात्मा बुद्ध ने निर्वाण की प्राप्ति के लिए कठिन लड़ाई किया। कई बार शत्रु के रूप में नकारात्मक संवेग, परम्परागत रूढ़ियां उपस्थित रही परन्तु उन्होंने अन्ततः उन पर विजय प्राप्त की।

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

भारत को ब्रिटिश शोषण से मुक्त करवाने के लिए लगातार कई युद्ध लड़े गये। 1857 की क्रांति महत्वपूर्ण मानी जाती है। परन्तु गांधी के नेतृत्व में खिलाफत - असहयोग, सविनय अवज्ञा, भारत छोड़ो आन्दोलन लड़ा गया तब जाकर अन्ततः भारत स्वतंत्र हुआ।

समाज में अस्पृश्यता जैसी विचारधारा को बढ़ावा देकर युद्ध का जो माहौल तैयार हुआ था उससे लड़ने के लिए ज्योतिबा फुले, ई. वी. रामास्वामी नायकर, डॉ. भीमराव अम्बेडकर को कई बार प्रयास संघर्ष करना पड़ा तब अन्ततः समानता, सामाजिक न्याय को बढ़ावा मिला।

बात केवल यहीं तक सीमित नहीं है। औपनिवेशिक भारत में भूमि व अन्य संसाधनों का कुछ लोगों के पास संकेन्द्रण था। सरकार को भूमि सुधार लागू कर कल्याणकारी राज्य की स्थापना



VisionIAS

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए Candidates must not write on this margin

करने के लिए जमींदारी प्रथा का उन्मूलन कानून, चकबंदी, हदबंदी, काश्तकारी सुधार आदि लाये गये। जो बताते है कि किसी भी प्रकार के युद्ध को लड़ने जीतने के लिए एक से अधिक बार लड़ना पड़ सकता है।

वहीं दूसरी ओर यदि भारत के शत्रु राष्ट्रों पर नजर डाले तो भारत को अपनी संप्रभुता की रक्षा करने के लिए पाकिस्तान के साथ 1948, 1965, 1971 आदि में युद्ध लड़ना पड़ा।

नेल्सन मंडेला ने द० अफ्रीका में नस्लभेद को समाप्त करने के लिए 27 वर्षों तक जेल की यातना सही अन्ततः राष्ट्रपति बनकर नस्लवाद का समापन किया। मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने अमेरिका में सिविल राइट मूवमेंट चलाया।

www.visionias.in



VisionIAS

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

विज्ञान भी इससे अछूता नहीं है। एडीसन ने बल्ब की खोज करने के लिए कई प्रयास किये। इसी प्रकार भाप का इंजन, पेनीसिलीन, रेडियो, वैक्सीन आदि उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए कई बार प्रयास किया गया तब जाकर अन्तत: हमारे सामने है।

सुकरात को अपने तर्कवादी विचारों को प्रसारित करने के लिए चर्च व सत्ता से टकराना पड़ा। अन्तत: उन्हे जहर का प्याला दिया गया उन्होंने कहा था कि सुकरात मर सकता है, विचार नहीं। इस प्रकार जितने भी महत्वपूर्ण दर्शन, विचार हमारे सामने हैं। उनके प्रस्तावकों को कहीं न कहीं अप्रासंगिक रूढ़िवादी विचारधारा व समाज से कई बार युद्ध लड़ना पड़ा। अन्तत: वे सफल हुए।

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए Candidates must not write on this margin

वर्तमान में विश्व आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन, भुखमरी जैसी शत्रुओं का सामना कर रहा है। जिसके लिए वैश्विक स्तर पर यूएन व अन्य संस्थाओं द्वारा कई प्रयास किए जा रहे हैं। अतः उन्हें समझना होगा कि युद्ध को जीतने के लिए एक से अधिक बार लड़ना पड़ सकता है।

वहीं साइबर युद्ध जैसी संकल्पना भी आकार ले रही है। कभी-कभी एक बार में ही युद्ध को जीत लिया जाता है, परन्तु वह घटना विरल ही देखने को मिलती है जैसे प्रथम प्रयास में संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता। पहली बार चुनाव लड़कर सीधा विधायक मंत्री, मुख्यमंत्री बनना।

अब प्रश्न यह उठता है कि युद्ध को जीतने के लिए

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

लड़ना ही उचित है। इस संबंध में कुरुक्षेत्र (रामधारी सिंह दिनकर) रचना का एक वक्तव्य नजर आता है। जिसमें भीष्म कहते हैं

"छीनता है स्वत्व कोई, तू त्याग तप से काम ले यह पाप है
न्याय है विच्छिन्न कर देना, बढ़ रहा तेरी तरफ जो हाथ है।"

कभी-2 समुदाय के बृहद लक्ष्यों को प्राप्ति के लिए, न्याय, अधिकार के लिए, यदि शत्रु दरवाजे पर आ गया है तो लड़ना जरूरी हो जाता है।

परन्तु लड़ना अंतिम विकल्प होना चाहिए। प्रथमतया संवाद, सहयोग, प्रेम, करुणा, क्षमा आदि के द्वारा शत्रु के विचारों को परिवर्तित किया जाता है। प्रेम की भाषा सब समझते हैं। महात्मा बुद्ध ने अंगुलिमाल का हृदय परिवर्तन करवाया।

VisionIAS

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

गांधी जी ने सत्य, अहिंसा, सत्याग्रह सर्वोदय, पर्यावरणीय नैतिकता, अस्पृश्यता निवारण, हृदय परिवर्तन जैसे मूल्यों को बढ़ावा दिया।

इसके अलावा यह भी प्रश्न जायज है कि युद्ध क्या अपने आप में नैतिक है। यदि हम इजराइल-फिलीस्तीन संघर्ष को देखे तो व्यापक स्तर पर जन-धन की हानि हो रही है। बच्चे, महिलाएँ, बुजुर्ग दर-दर की ठोकरे खा रहे हैं। शरणार्थी समस्या उभर रही है।

यही समस्या रूस-यूक्रेन युद्ध में भी दिख रहा है। अत: युद्ध कोई साधन या साध्य तो नहीं। गांधी ने साधन साध्य की पवित्रता, कांट ने कर्तव्यवाद की विचारधारा का प्रतिपादन किया। जिसके आधार पर

www.visionias.in

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

युद्ध की नैतिकता देखी जा सकती है।

अतः युद्धों को रोकने के लिए सूक्ष्म से वृहद प्रयास करने होंगे। व्यक्तिगत स्तर पर अपनी नकारात्मक भावनाओं को नियंत्रण, बच्चों को नैतिक मूल्यों का विकास, समाज के मानदण्ड प्रयास प्रासंगिक व नैतिक हों।

राज्य - राष्ट्र मिलकर मानव व पर्यावरण हितों को ध्यान में रखकर कार्य करें। वैश्विक नियमों, अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओं के दिशा निर्देशों का पालन हो। तभी शांति पूर्ण विश्व की संकल्पना साकार होगी।

निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि युद्ध में विजय प्राप्त करने के लिए एक या अनेक बार लड़ना पड़ सकता है। परन्तु लड़ने का साधन नैतिक हो।



VisionIAS

जहाँ तक संभव हो युद्ध हो न हो क्योंकि 'कभी एक अच्छा युद्ध नहीं होता या एक बुरी शांति नहीं होता'।

अतः विभिन्न हेतुवादकों को मिलकर युद्ध के भयानक परिणामों को देखते हुए शांति सद्भाव के लिए कार्य करना चाहिए। हो सकता है युद्ध के कुछ सकारात्मक प्रभाव हो परन्तु उसके तरीके भिन्न भी हो सकते है।

अन्त: वसुधैव कुटुम्बकम, सर्वेभवन्तु सुखिनः, पृथ्वी शान्ति वनस्पतयः शांति जैसे मूल्यों को बढ़ावा देकर विश्व के कल्याण को सुनिश्चित किया जा सकता है।

———— x ———— x ————



उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

VisionIAS

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

VisionIAS

## खण्ड – B / SECTION – B

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

5. हम सदैव अपने युवाओं के लिए भविष्य का निर्माण नहीं कर सकते, परंतु हम भविष्य के लिए अपने युवाओं को तैयार कर सकते हैं।

We cannot always build the future for our youth, but we can build our youth for the future.

6. नकल करना सुरक्षित होता है; नवाचार के लिए साहस की आवश्यकता होती है।

Copying is safe; innovation demands courage.

7. हम जितना अधिक स्वचालन को अपनाएंगे, हमें उतना ही अधिक मानवीय बनना होगा।

The more we automate, the more human we must become.

8. तत्काल मान्यता की चाह एक व्याकुल मानसिकता वाली पीढ़ी को जन्म दे रही है।

The pursuit of instant validation is creating a generation of restless minds.

नकल करना सुरक्षित होता है; नवाचार के लिए साहस की आवश्यकता होती है

---

एक शासक था। जिसने एक युद्ध लड़ा उस युद्ध में उसके खिलाफ तोप व अन्य युद्ध कौशल रणनीतियों का प्रयोग किया गया। शासक को हार हुयी परन्तु वही शासक बाद में जब भारत आया तो उसने उन्हीं हथियारों युद्ध कौशल का प्रयोग भारतीय राजाओं के विरुद्ध किया।

VisionIAS

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

वह शासक कोई और नहीं बाबर था। जिसने उज्बेकों को तुलगुमा पद्धति का नकल कर पानीपत के द्वितीय युद्ध में इब्राहिम लोदी को हराया। जो बताता है कि नकल करना सुरक्षित होता है।

वहीं दूसरी ओर हाल के घटनाक्रम पर ध्यान दे तो इसरो ने चन्द्रयान-3 को चन्द्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर लैण्ड करवाने के लिए प्रक्षेपित किया। उसके पूर्व किसी भी देश ने चन्द्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर अंतरिक्ष मिशन नहीं भेजा था। भले ही चन्द्रयान-2 विफल रहा परन्तु चन्द्रयान 3 की सफलता दिखाती है कि नवाचार के लिए साहस की आवश्यकता होती है।

अब प्रश्न उठता है कि नकल किसकी की जाती है या क्या नकल हमेशा सुरक्षित होता है?



VisionIAS

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

यह क्यों ? किया जाता है ?. जबकि नवाचार के लिए क्या केवल साहस की आवश्यकता होती है और होती है तो क्यों ?.

आइए देखें ।.

व्यक्ति एक सामाजिक प्राणी होता है। वह उन व्यवहारों मान्यताओं, संस्कारों की नकल करता है जो मान्यता प्राप्त होते है। जिससे कुछ मिलने की आशा होती है। जो आकर्षक होते हैं।

लोग इतिहास की नकल करते है क्योंकि वह व्यवहारिक धरातल पर क्रियान्वित हुआ होता है लोग उसके लाभों - हानियों से परिचित होते हैं। ब्रिटेन की औद्योगिक क्रांति का अन्य देशों ने अनुकरण किया। गांधी के आन्दोलन रणनीति का नेलसन मंडेला व मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने नकल किया।


VisionIAS

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए Candidates must not write on this margin

क्योंकि ये प्रभावकारी थे। जिसके माध्यम पर ब्रिटिश शासन जैसी शक्तिशाली जड़ो को उखाड़ दिया। अतः यह सुरक्षित भी थी।

समाज में व्यक्ति अभिनेताओं, खिलाड़ियों, नेताओं के व्यवहारों की नकल करता है। बच्चा मम्मी-पापा की नकल करता है क्योंकि वह जानता है कि ऐसे व्यवहार सुरक्षित हैं। यदि वह कुछ अलग व्यवहार करेगा तो डांट भी पड़ सकती है। शिक्षण संस्थाओं में कमजोर बच्चे मेधावी बच्चों की नकल करते हैं।

एक समाज दूसरे समाज की प्रथा परम्परा की नकल करता है। जैसे भारतीय समाज पाश्चात्य संस्कृति के खान-पान, रहन-सहन, वेशभूषा, भाषा, त्यौहार, फिल्म व पाश्चात्य देश भारत के मूल्यों यथा योग, आयुर्वेद पद्धति की नकल कर रहे हैं। जोकि सुरक्षित हैं।

विकासशील देश दूसरे देशों की तकनीकों की नकल कर रहे हैं



VisionIAS

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

कंपनियां बड़े-2 कार्पोरेट, बहुराष्ट्रीय कंपनियों के व्यापार प्रारूप की नकल कर रही है जो कहीं न कहीं सुराधित है।

वहीं विकासशील राष्ट्र विकसित देशों की रिसार्ट, आलय, सोप्वेज हाउसेज आदि अवधारणा को नकल कर विश्व स्तरीय अवधारणा बना रही है। इसके अलावा दर्शन विचार धाराओं के स्तर पर भी यह देखा जाता है कि मार्क्सवाद, अस्तित्ववाद, मनोविश्लेषणवाद, निर्वैयक्तिकता जैसे विचार भारतीय साहित्य में विराजमान है। जो नकल करने की व सुराक्षित होने की परम्परा दिखाते है।

राजनीतिक स्तर पर भारत का संविधान 1935 के भारत सरकार अधिनियम 1935 से अधिकांश प्रावधान ग्रहण करता है।

www.visionias.in
VisionIAS

परन्तु नकल करना हमेशा उपयुक्त नहीं होता है। क्योंकि व्यक्ति, स्थान की परिस्थितियाँ अलग-2 होती हैं।

इतिहास की पूर्णतया नकल करना कदापि उपयुक्त नहीं है क्योंकि तब दशाएँ कुछ और थी। और आज कुछ और। हर समाज की अपनी विशेषता होती है जनजातीय समाज का प्रकृति आधारित संस्कृति, प्रथा, परम्परा होती है। वह उपभोक्तावादी संस्कृति का नकल करके उपयुक्त नहीं हो सकता है।

केरल में घर को प्रारूप है, वह राजस्थान में नहीं हो सकता क्योंकि भौगोलिक दशाएँ अलग हैं। पाश्चात्य राष्ट्रों को प्रकृति का दोहन करने का मूल्य विकासशील राष्ट्रों के लिए उपयुक्त नहीं हैं।

वहीं दूसरे पहलू पर विचार करें तो नवाचार के

VisionIAS

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

लिए साहस की आवश्यकता होती है। क्योंकि इसके सफल या असफल होने की संभावना बनी रहती है इससे प्रतिष्ठा मिल भी सकती है हानि भी हो सकती है।

नेपोलियन ने शीत काल में रूस पर आक्रमण किया जिससे उसे भारी नुकसान हुआ। जापान ने औद्योगिक क्रांति के तट पर नवाचार किया सफल हुआ।

गौतम बुद्ध ने जब अपने विचारों यथा चार आर्य सत्य, अष्टांगिक मार्ग का प्रचार किया तो लोगों ने प्रारम्भ में व्यापक विरोध किया। कटु वचन बोले। सावित्री बाई फुले ने जब महिला शिक्षा का बिगुल बजाया तब उनपर गोबर फेंके गये जो दिखाता है कि नवाचार के लिए साहस



उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

VisionIAS

की आवश्यकता होती है। सफल नहीं होगा जो परिस्थितियों से घबराएगा नहीं क्योंकि साहस वह होता है जो कहता है कि आज नहीं तो कल तो जरूर होगा। कष्ट को हराना है। भागना नहीं है।

सुकरात, प्लेटो, अरस्तू, हॉब्स, लाक रूसो ने नवाचार की कोशिश की जिसका उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ा। ईसा मसीह को सूली पर टांग दिया गया। परन्तु साहस ही था जिसने उन्हें प्रेरित रखा।

कृषि, औद्योगिक क्षेत्र में वर्तमान में हर जगह नवाचार का प्रयोग किया जा रहा है। कृषि में परिशुद्ध कृषि, जैविक कृषि जैसे बजट नेचुरल फार्मिंग, उद्योग में औद्योगिक क्रांति 4.0 लाया जा रहा है।

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

VisionIAS

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए Candidates must not write on this margin

जो दिखाता है कि भारत सरकार नवाचार के लिए साहस रखे हुए है।

एलन मस्क ने स्वयं की स्पेस एजेन्सी खड़ी कर दी। स्पेस एक्स लगातार एलन मस्क के सपनों को पूरा कर रही है। वर्तमान में प्रदत्त विभिन्न नोबल पुरस्कार दिखाते है कि नवाचार करने वाले साहस जैसे मूल्यों से युक्त होते हैं। उनमें से कुछ तो लगातार अपने शोध प्रयास में असफल होकर इस मुकाम तक पहुँचे हैं।

न्यूटन, आइंस्टीन आदि के आविष्कार भी कथन की पुष्टि करते हैं।

साहस केवल नवाचार के लिए ही नहीं अपितु जीवन की

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

चुनौतियों, सामाजिक आर्थिक समस्याओं से लड़ने के लिए भी होता है।

स्वयं के नकारात्मक भावना क्रोध द्वेष, ईर्ष्या आदि व सामाजिक तथा लैंगिक असमानता से निपटने के लिए भी साहस की आवश्यकता होती है।

नवाचार व साहस में चोली दामन का साथ है। परन्तु नवाचार के लिए भावनात्मक बुद्धिमत्ता, विवेक, तर्क क्षमता, नैतिक मूल्य आदि की भी आवश्यकता होती है। क्योंकि साहस तो शेर, बाघ में भी होता है।

अतः यदि संक्षेप में देखें तो नकल करना कुछ परिस्थितियों में सुरक्षित भी होता है परन्तु जिसकी इसलिए नकल सोच समझकर वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखकर करना उचित होगा अन्यथा

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

नकल राज्य समाज के व्यापक व समावेश का निर्माण कर सकती है।

व व्यवहार के लिए साहस महत्वपूर्ण गुण है साथ ही साथ विवेक भी महत्वपूर्ण है। अतः आप तट पर ~~खड़कर~~ खड़े होकर तैरना नही ~~सीख~~ सकते ~~तैरनो~~ तैरना सीखने के लिए जल में उतरना पड़ेगा"।

निष्कर्षतः मूलभूत गुणों का विकास प्रगतिशील आधुनिक समाज के निर्माण को आवश्यक करी है। जिसमें व्यष्टि समाज राष्ट्र सभी की भूमिका जरूरी है।



VisionIAS

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

VisionIAS

## SPACE FOR ROUGH WORK

Intro ⇒
वाट – उनकी
— हलचल पैदा की ... 2021 – गोरिल्ला
ब्रिटेन की औद्योगिक क्रांति
— भारत – 1435 का नाविक शासनकाल ⇒ जांगेयान
नाविकों का प्रावधान
⇒ ISRO – चन्द्रयान –3 ⇒ दक्षिणी ध्रुव पर
└ प्रथम देश

Conclⁿ

VisionIAS

## SPACE FOR ROUGH WORK

[illegible]

VisionIAS

# SPACE FOR ROUGH WORK

[illegible] वसंत [illegible]

किसी युद्ध को जीतने के लिए [illegible] आपको एक [illegible]

बार लड़ना पड़ सकता है

Intro

(i) गांधी जी (2) अशोक ⇒ बुद्ध — गोरी, हुमायूं

उद्देश्य ⇒ मैं ⇒ UPSC [illegible]

युद्ध

जीतना

महात्मा बुद्ध

(i) [illegible] गोरी, अशोक [illegible]

[illegible] गांधी

नेल्सन मंडेला, मार्टिन लूथर किंग जूनियर

युद्ध

लड़ना ही जरूरी [illegible]

नहीं

[illegible]

VisionIAS